कार्यालय कलेक्टर, जिला-दुर्ग (छ०ग०)

कार्यवाही विवरण

दिनांक 23.01.2024

पृ.कमांक/जिरोस्वमाके.दु/से.भर्ती/2024/00518 /दुर्ग दिनांक 30/01/2024

कलेक्टर महोदया के निर्देशानुसार दिनांक 23.01.2024 को खालसा पब्लिक स्कूल दुर्ग में प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय, शासकीय पॉलीटेक्निक, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय एवं समन्वयक/संचालक सामान्य सेवा केन्द्र की बैठक आहुत की गई। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित हुए -

1. सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी (आई0ए0एस0) कलेक्टर, दुर्ग
2. श्री आर0के0कुर्रे, उपसंचालक 'रोजगार'
3. श्री अभय जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी, दुर्ग
4. श्री सी0पी0 दीपांकर,जिला खाद्य अधिकारी, दुर्ग
5. प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय - 06 संस्था
6. प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक - 01
7. प्राचार्य, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था - 06
8. समन्वयक सामान्य सेवा केन्द्र से 39
9. प्राचार्य, शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय - 110 अधिकारी उपस्थित हुए ।

उक्त बैठक में भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर की भर्ती के संबंध में उपसंचालक, जिला रोजगार कार्यालय, दुर्ग द्वारा अग्निवीर के पदों हेतु निर्धारित शैक्षणिक अर्हता एवं चयन प्रक्रिया की जानकारी दी गई । तत्पश्चात् कलेक्टर महोदया द्वारा जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों को निम्न बिन्दुओं पर गंभीरतापूर्वक कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया :

1. अग्निवीर (वायु) हेतु दिनांक 17.01.2024 से वेबसाईट https://agnipathvayu.cdac.in पर पंजीयन प्रारंभ हो चुका है, सभी शैक्षणिक संस्था अपने पूर्व तथा वर्तमान में अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं को उचित मार्गदर्शन प्रदान करते हुए अधिक से अधिक पंजीयन करना सुनिश्चित करें ।
2. विद्यालय/महाविद्यालय उनके संस्था में उपलब्ध कम्प्युटर के माध्यम से भी इच्छुक युवाओं का पंजीयन करें ।
3. लोक सेवा केन्द्रों के संचालकों को निर्देशित किया गया कि पंजीयन हेतु उपस्थित युवाओं का न्युनतम निर्धारित दर (30/-रू0) पर ऑन लाईन पंजीयन का कार्य करें तथा इस संबंध में अधिक शुल्क लेने संबंधी कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिये ।
4. ऑन लाईन आवेदन करने वाले इच्छुक युवाओं को लिखित परीक्षा (सी.बी.टी.) की तैयारी / विकासखण्ड स्तर पर मॉक टेस्ट की योजना तैयार करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को कलेक्टर महोदया द्वारा निर्देशित किया गया ।

शैक्षणिक संस्थानों को अग्निवीर (वायु) वायुसेना के लिए ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन हेतु निम्नानुसार लक्ष्य निर्धारित किया गया है :

(अ) 1000 से अधिक विद्यार्थी वाले शैक्षणिक संस्थान हेतु 200

(ब) 500 से अधिक विद्यार्थी वाले शैक्षणिक संस्थान हेतु 100

(स) 200 से अधिक विद्यार्थी वाले शैक्षणिक संस्थान हेतु 70 आवेदकों का पंजीयन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । पूर्व में अध्ययरत् विद्यार्थियों की संख्या भी इसमें सम्मिलित की जा सकती है ।

अग्निवीर थल सेना हेतु ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया आरंभ होने पर भी लक्ष्य समस्त शैक्षणिक संस्थानों हेतु उपरोक्तानुसार होगा ।

कलेक्टर महोदया द्वारा समस्त शैक्षणिक संस्थानों को निर्देशित किया गया कि अग्निवीर भर्ती योजना का लाभ अनिवार्य रूप से विद्यार्थियों को बताई जाये जिसमें 4 वर्ष के उपरांत उन्हें प्राप्त होने वाले सेवानिधि तथा 48 लाख का बीमा राशि के संबंध में जानकारी अवश्य दी जावे, ताकि अधिक से अधिक युवा सैन्य बलों में भर्ती हेतु रूचि लें ।

उपरोक्तानुसार समस्त विभागों को पालनार्थ ।

कलेक्टर
दुर्ग